हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 24 अक्टूबर 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 एसईसीएल कंपनी के चालकों व ऑपरेटरों ने कंपनी पर लगाया शोषण का आरोप



## खबर संक्षेप

### साहसिक शिविर में ऋचा करेंगी प्रदेश का प्रतिनिधित्व



**कोरबा।** धर्मशाला सेंटर हिमांचल प्रदेश में सत्र 2025 साहसिक शिविर आयोजित हुआ। जिसमें सर्व श्रेष्ठ स्वयं सेवकों का चयन किया जाता है। इसी कड़ी में शासकीय इवि पीजी कॉलेज की सर्व श्रेष्ठ स्वयं सेविका सुश्री ऋचा स्वर्णकार का हुआ है। एनआईसी एक स्वयं सेवक के लिए बहुत ही सुनहरा अवसर है और उनके उत्कृष्ट कार्य का फल जो कठिन परिश्रम मेहनत और लगन से मिलता है। ऋचा को राज्य कार्यक्रम समंवयक मनोज सिन्हा जिला संगठक वायके तिवारी और कार्यक्रम अधिकारी प्रो अजय पटेल और प्रो मधु व युथ ऑफिसर डॉ.राजकुमार वर्मा सभी ने चयन के लिए उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

### श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय भारत को जानों प्रतियोगिता कल

**कोरबा।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी भारत विकास परिषद द्वारा देश भक्ति एवं देश प्रेम की भावना का संचार बच्चों में हो इसको ध्यान में रखकर भारत को जानो जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 25 अक्टूबर की सुबह 9 बजे से श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय में आयोजित की जा रही है। इस प्रतियोगिता में लगभग जिले भर से 31 स्कूलों की सहभागिता होगी। यह प्रतियोगिता जूनियर वर्ग एवं सीनियर वर्ग दो वर्गों में होती है। जूनियर वर्ग में कक्षा छठवीं से आठवीं तक एवं सीनियर वर्ग में कक्षा नवमी से 12वीं तक के बच्चे भाग ले सकते हैं। यह प्रतियोगिता प्रश्न मंच आधारित होती है। यहां से दोनों वर्गों की विजयी टीम भिलाई में प्रांत स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेगी।

### इंटर्न चिकित्सकों को शासन से दी जाती है स्कॉलरशिप

**कोरबा।** स्व बिसाहू दास स्मृति मेडिकल कॉलेज में इंटर्नशिप कर रहे मेडिकल छात्रों को शासन से मिलती है। मेडिकल कॉलेज द्वारा छात्रों के स्कॉलरशिप भुगतान के लिए बिल को कोषालय भेज दिया गया है। बिल भुगतान प्रक्रियाधीन है। मेडिकल कॉलेज कोरबा के डीन डॉक्टर के के सहारे ने बताया कि मेडिकल कॉलेज में इंटर्नशिप करने वाले छात्रों को डीएमएफ से स्कॉलरशिप नहीं दी जाती उन्हें शासन द्वारा प्रदान की जाती है। मेडिकल कॉलेज प्रबंधन द्वारा इंटर्नशिप कर रहे हैं। छात्रों को समय पर स्टाइपेंड प्रदान किए जाते हैं इसके लिए छात्रों की उपस्थिति सहित अन्य प्रपत्र तैयार कर आवश्यक जानकारी प्रेषित की जाती है। इंटर्न चिकित्सकों की छात्रवृत्ति के भुगतान संबंधित बिल को पूर्ण करते हुए जिला कोषालय कोरबा को प्रेषित कर दिया गया है। शीघ्र ही भुगतान हो जाएगा।

### हेमलता को डीएमएफ से मिली फीस की सहायता

**कोरबा।** जिले के पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉक के ग्राम कोड़गार की हेमलता शोर्टे को जिला खनिज न्यास संस्थान (डीएमएफ) कोरबा से एमबीबीएस पाठ्यक्रम की पूर्ण फीस सहायता स्वीकृत की गई है। हेमलता शासकीय मेडिकल कॉलेज महासमुंद में एमबीबीएस प्रथम वर्ष की छात्रा हैं। उनके पिता शिव बालक शोर्टे की आर्थिक स्थिति सीमित होने के कारण पढ़ाई जारी रखना कठिन हो गया था। इस पर जिला कलेक्टर अजीत वसंत द्वारा पहल करते हुए डीएमएफ मद से उनकी फीस का वहन किया गया। छात्रा की एमबीबीएस की पढ़ाई पूर्ण होने तक आगामी 4 वर्ष तक की फीस का वहन किया जायेगा। इसके साथ ही छात्रा द्वारा एमबीबीएस प्रथम वर्ष की पढ़ाई के लिये गये लोन में से शेष राशि 21 हजार रूपये डीएमएफ द्वारा चुकता कर दिया गया है। यह सहायता आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के अवसर प्रदान करने की दिशा में कोरबा प्रशासन की पहल है।

---

## एसईसीएल गेवरा खदान से प्रभावित भूविस्थापित किसान सभा के नेतृत्व में कर रहे थे प्रदर्शन

# आंदोलनरत भूविस्थापितों पर सीआईएसएफ के जवानों ने किया लाठी चार्ज, कई घायल



खदान के भीतर भूविस्थापितें पर लाठी चार्ज करती सीआईएसएफ के जवान।



गाड़ी को घेरते भूविस्थापित।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**खास बात**

- खदान के भीतर लाठी चार्ज के बाद गरमाया माहौल, भूविस्थापित पहुंचे ताना, एफआईआर की मांग

एसईसीएल गेवरा खदान से प्रभावित भूविस्थापित रोजगार, बसाहट, मुआवजा सहित अन्य मांगों को लेकर छत्तीसगढ़ किसान सभा के नेतृत्व में खदानबंद आंदोलन कर रहे थे। इस दौरान बड़ी संख्या में सीआईएसएफ व पुलिस बल की तैनाती की गई थी। आंदोलन को देखते हुए एसईसीएल के अधिकारी आंदोलनकारियों को वार्ता के लिए बुला रहे थे। इसी दौरान अचानक किसी बात को लेकर माहौल गरमा गया और देखते ही देखते सीआईएसएफ के जवानों ने भूविस्थापितों पर लाठी चार्ज कर दिया। सीआईएसएफ के लाठी चार्ज से कई भूविस्थापितों को चोट पहुंची है। जिसके बाद आक्रोशित भूविस्थापितों ने दीपका थाना में सीआईएसएफ जवानों के खिलाफ अपराध दर्ज करने की मांग करने लगे। पुलिस ने मामले में शिकायत के बाद जांच शुरू कर दी है।

छत्तीसगढ़ किसान सभा के नेतृत्व में गेवरा क्षेत्र से प्रभावित गांवों के भूविस्थापित रोजगार, बसावट, मुआवजा की मांगों के सकारात्मक समाधान के लिए एसईसीएल के गेवरा खदान में शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे थे। इस दौरान प्रदर्शन शांति पूर्ण चल रहा था और एसईसीएल के अधिकारी भूविस्थापितों को वार्ता के लिए बुला रहे थे। इसी बीच सीआईएसएफ के अधिकारी ने भूविस्थापितों के साथ अभद्रता पूर्वक व्यवहार करने लगे, जिसका विरोध करने पर सीआईएसएफ के जवानों को लाठीचार्ज का आदेश दे दिया। सीआईएसएफ के जवानों ने भूविस्थापितों को खदेड़ने के लिए जमकर लाठी भांजी। लाठी चार्ज की वजह से छत्तीसगढ़ किसान सभा के जिला सचिव दीपक साहू, रमेश दास, बिमल दास, गुलाब को गंभीर चोट आई है। सीआईएसएफ के जवान उन्हें जबरन उठा कर थाने ले जाने लगे, जिसे देखते हुए सभी भूविस्थापित एकजुट होकर दीपका थाना जाने लगे। इस दौरान सीआईएसएफ के जवानों ने घायल भूविस्थापितों को बीच रास्ते में छोड़कर फरार हो गए, जिससे माहौल तानवपूर्ण हो गया। बड़ी संख्या में आक्रोशित भूविस्थापित किसान सभा के नेतृत्व में दीपका थाना पहुंचे और मारपीट और लाठीचार्ज का आदेश देने वाले सीआईएसएफ अधिकारी के खिलाफ अपराध दर्ज करने की मांग करने लगे। शिकायत के बाद दीपका थाना प्रभारी प्रेमचंद साहू ने सभी घायलों का मुलायजा के लिए भेजा और कार्यवाही का आश्वासन दिया।



थाने के बाहर प्रदर्शन करते भूविस्थापित।



घायल भूविस्थापित।

### कार्य व्यवधान करने पर सीआईएसएफ ने रोका

एसईसीएल के पीआरओ सतीश चंद्र ने कहा है कि आज प्रातः लगभग 10 से 11 बजे के बीच गेवरा खदान में गांव नरईबोध और भठोरा की तरह से कुछ प्रदर्शनकारी खदान क्षेत्र में पहुंच गए और वहां उन्होंने जो कोयला उत्पादन की गतिविधि और ओबी भी निष्काषन की गतिविधि होती है उसे भी बाधित करने की कोशिश की गई। सभी जानते हैं कि यहां पर जो कोयला निष्कासन की जो प्रक्रिया होती है उसमें भारी मशीनें एजीएमएम चलती हैं और जो यह खदान का क्षेत्र है प्रतिबंधित क्षेत्र होता है। जिसमें हमारे अपने कामगार साथी भी वहीं जाते हैं, जिनकी ड्यूटी लगी होती है। ऐसे में प्रदर्शनकारियों द्वारा कार्य व्यवधान किए जाने पर हमारे सीआईएसएफ के जवानों ने प्रदर्शनकारियों को रोका है तथा काम में बाधा डालने वाले जो प्रदर्शनकारी थे उनको वापस भेजने का भी प्रयास किया गया। हम पुनः सभी लोगों से अपील करेंगे कि वे कृपया खदान के भीतर जो निषेध क्षेत्र है वहां भारी मशीनें चलती है, उसके आसपास न जाएं। वहां जाकर मशीनों को बंद कराने का प्रयास जोखिम भरे हैं और ये वैधानिक भी नहीं है। खदान के क्षेत्रों में इस प्रकार के लोगों के घुस जाने से राष्ट्रीय ऊर्जा आपूर्ति के लिए जो चौबीस घंटे का कार्य संचालन होता है उसमें भी बाधा आएगी और लॉ इन आर्डर के हिसाब से और लोगों की सुरक्षा के हिसाब से किसी भी अन्य परिपेक्ष्य में यह तर्कसंगत और उचित प्रतीत नहीं होती है। अतः समस्त लोगों से अपील करेंगे कि वे खदान क्षेत्र में न जाएं और इस प्रकार के गतिविधियों से बचें।

### लाठी चार्ज के बल पर नहीं होगा खदान विस्तार

किसान सभा के जिला सचिव दीपक साहू ने कहा की गेवरा क्षेत्र से प्रभावित भू विस्थापितों को नियमित रोजगार, पुनर्वास, मुआवजा के साथ बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग को लेकर शांति पूर्ण आंदोलन हो रहा था जिस पर सीआईएसएफ ने जबरन लाठीचार्ज किया बंदूक और लाठीचार्ज की नोंक पर खदान विस्तार नहीं होगा खदान विस्तार करना है तो समस्याओं का समाधान करना होगा। किसान सभा ने कहा कि पूर्व में अधिग्रहित ग्रामों के रोजगार, मुआवजा, बसावट के मामले लंबित है और नए विस्तार तेजी से प्रशासन के सहयोग से किया जा रहा है जिसका किसान सभा विरोध करती है कुछ दिन पूर्व कटघोरा एसडीएम और गेवरा जीएम द्वारा बल प्रयोग कर जबरन खदान विस्तार का प्रयास किया जा रहा था जिसका भारी विरोध हुआ था। एसईसीएल से प्रभावित सभी छोटे खातेदारों को एकजुट कर बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

### आंदोलन को तेज कर दिया जाएगा जवाब

किसान सभा के प्रदेश संयुक्त सचिव प्रशांत झा ने कहा है कि भूविस्थापितों की समस्याओं का निराकरण किए बगैर खदान विस्तार का कार्य नहीं होने देंगे। एसईसीएल के महाप्रबंधक श्री त्यागी के इशारे पर सीआईएसएफ ने भूविस्थापितों पर जो लाठीचार्ज किया है उसका जवाब संघर्ष और आंदोलन को और तेज कर दिया जायेगा। अगर प्रबंधन ने जबरन कोशिश की तो आंदोलन और उग्र होगा। एसईसीएल द्वारा विस्थापित होने वाले प्रत्येक छोटे विस्थापित परिवार को भी नियमित रोजगार देने के साथ विस्थापितों को पुनर्वास की सुविधा और नए पुराने के नाम पर मुआवजा में कटौती करना बंद करना होगा।

---

### फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों के मुद्रण हेतु समिति गठित

**कोरबा।** निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले के सभी विधान सभा क्षेत्र के समस्त मतदान केन्द्रों के फोटोयुक्त मतदाता सूचियों की मूल प्रतियां एवं पूरक सूचियों का मुद्रण लेजर प्रिंटिंग का कार्य करने हेतु छ0ग0 भंडार क्रय नियम 2022 में निहित प्रावधान अनुसार खुली निविदा 17 नवंबर को दोपहर 3 बजे तक आमंत्रित की गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत द्वारा जारी निविदा शर्तों के तहत फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों की मुद्रण के लिए न्यूनतम दर निर्धारण हेतु 6 सदस्यीय समिति का गठन किया गया है। अपर कलेक्टर (वित्त) कोरबा समिति के अध्यक्ष होंगे। उप जिला निर्वाचन अधिकारी को सदस्य सह सचिव और जिला कोषालय अधिकारी, जिला वाणिज्यकर अधिकारी, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र एवं कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग कोरबा को समिति का सदस्य नियुक्त किया गया है।

### आकर्षी ने जीता इंटरनेशनल चैलेंज टूर्नामेंट में पदक



**कोरबा।** एनटीपीसी कोरबा द्वारा समर्थित भारत की उभरती बैडमिंटन खिलाड़ी आकर्षी कश्यप ने चेक ओपन इंटरनेशनल चैलेंज टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया है। इस बड़ी उपलब्धि के लिए आम आदमी पार्टी के कोरबा जिलाध्यक्ष रिचर्ड डेविड लोगन ने आकर्षी की उज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनके जीत के लिए बधाई दी है। रिचर्ड डेविड लोगन ने बताया कि उन्हे समाचार के माध्यम से जानकारी मिली कि एनटीपीसी कोरबा के सहयोग से आकर्षी ने पूरे टूर्नामेंट में बेहतरीन कौशल और दृढ़ता का प्रदर्शन किया। सेमीफाइनल मुकाबले में उन्होंने डेनमार्क की खिलाड़ी के खिलाफ कड़ा संघर्ष किया, जो रोमांचक अंकों 20-22, 21-13, 13-21 के साथ समाप्त हुआ। इस जीत के बाद आकर्षी का आकर्षण पूरे देश मे बना हुआ है।

---

# मामूली बात पर युवक ने दूसरे युवक की कर दी हत्या, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शराब के नशे में धुत्त दो युवकों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि एक युवक ने दूसरे युवक को धक्का दे दिया जिससे वह सड़क पर सिर के बल गिर गया और सिर पर चोट लगने पर उसे उपचार के लिए गंभीरावस्था में उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल कराया गया था जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों की सूचना पर मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर मारपीट की घटना को अंजाम देने वाले आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर उसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है।

मामला कोरबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जलके की है। यहां निवासरत प्रीतराम 30 वर्ष पिता इतवार राम व ग्राम लाद निवासी सुखराज 25 वर्ष पिता गोविंद मरकाम के बीच 20 अक्टूबर को किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी जिसके बाद दोनों के बीच विवाद भी हुआ था। पुलिस के मुताबिक सुखराज ने सड़क में प्रीतराम को धक्का दे दिया था। जिससे प्रीतराम सिर के बल सड़क पर गिर गया था और उसके सिर पर संघातिक चोट आई थी। जिसके उपरांत प्रीतराम को उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया था जहां इलाज के दौरान ⏭ शेष पेज 3 पर

# केवी की शिक्षिका ने बच्चे के साथ की मारपीट, परिजनों का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**खास बात**

- विद्यालय के प्राचार्य, जिला शिक्षा अधिकारी व पुलिस से शिकायत कर जांच की लगाई गुहार

केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 4 गोपालपुर में अध्यनरत कक्षा दूसरी के छात्र पर स्कूल की शिक्षिका ने चोरी का आरोप लगाते हुए उसके साथ मारपीट की घटना को अंजाम दिया है। परिजनों को जब मामले की भनक लगी तो उन्होंने इस मामले के लिखित शिकायत जिला शिक्षा अधिकारी व पुलिस प्रशासन से की है और मामले में उचित जांच कर दोषी शिक्षक के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

सीएसईबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत पंपहाउस निवासी संजू श्रीवास ने केंद्रीय विद्यालय और जिला शिक्षा अधिकारी कोरबा में लिखित में शिकायत की है कि उसका पुत्र शौर्य श्रीवास कक्षा दूसरी में केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 4 गोपालपुर में अध्यनरत है। जहां 14 अक्टूबर को शिक्षिका चंचल के द्वारा शौर्य श्रीवास पर घड़ी, मैगनेअ की चोरी किए जाने के आरोप में पिटाई की गई जिससे शौर्य के कान, गले में दर्द है तथा सूजन हो गया है जिसका इलाज कराया गया है। उक्त सामान की चोरी से कक्षा के एक अन्य छात्र द्वारा चोरी कर शौर्य के बैग में डालने की बात का उल्लेख किया है। 15 अक्टूबर को जब मामला सामने आया तो संजू श्रीवास की पत्नी और उसके रिश्तेदार इस मामले की चर्चा के लिए स्कूल पहुंचे हुए थे जहां शिक्षिका चंचल के पास जाने पर परिजनों को उल्टा बात करने की बजाय धमकाकर भगा दिया गया और बच्चे का भविष्य बर्बाद कर उसे प्रताड़ित करने की बात कही है। शिक्षक द्वारा किए गए मारपीट के बाद बच्चा भयभीत है परिजनों ने इस मामले के लिखित शिकायत पुलिस, जिला शिक्षा अधिकारी व स्कूल के प्राचार्य से की है और मामले की जांच कर शिक्षिका के खिलाफ उचित कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

---

## जेलर ने जेल मुख्यालय को पत्र लिखकर की डिमांड

# जेल की सुरक्षा होगी और पुख्ता, 20 हाई रेजोनेंस कैमरे से होगी निगरानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जेल की सुरक्षा व्यवस्था पर पैनी नजर बनी रहे इसके लिए पहले ही जेल प्रबंधन तीसरी आंख के माध्यम से जेल की निगरानी करती है लेकिन जेल सुरक्षा में और पुख्ता की जा सके इसके लिए जेल प्रबंधन ने जेल के भीतर व बाहर हाई रेजोनेंस कैमरा लगाने की दिशा पर तैयारी की जा रही है। बताया जाता है कि जेलर ने जेल मुख्यालय को इसके लिए पत्र लिखा है। आने वाले दिनों में लगभग दो दर्जन हाई रेजोनेंस कैमरा जिला जेल को मिलेगा इसके बाद इसे जेल के अंदर और बाहर विभिन्न स्थानों पर लगाया जाएगा और किसी कैदियो के साथ-साथ जेल के चारों तरफ इससे निगरानी की जा सकेगी।

उल्लेखनीय है कि औद्योगिकनगरी होने की वजह से जिला जेल में क्षमता से हमेशा कैदियों की संख्या अधिक बनी रहती है और कैदियों की निगरानी के लिए जेल प्रबंधन तरह-तरह के उपाय करते रहता है लेकिन इसके बाद भी जेल में बंद कैदी जेल सुरक्षा व्यवस्था को मात देने में कामयाब हो जाते हैं। पूर्व के कुछ महीनों में जिला जेल के भीतर बंद कैदियों ने जेल की चार दिवारी को लांघकर भागने में फरार हो गए थे। हालांकि पुलिस ने फरार आरोपियों को धरदबोचा लेकिन अब जेल की सुरक्षा व्यवस्था को और कैसे पुख्ता की जा सके इस दिशा पर जेल प्रबंधन लगातार प्रयास कर रहा है। जेलर अमितेश साहू द्वारा जेल के भीतर और अंदर हाई रेजोनेंस कैमरा लगाने के लिए जेल मुख्यालय को पत्र लिखा है। मुख्यालय ने लगभग इसकी स्वीकृति दे दी है। आने वाले कुछ महीनों के भीतर लगभग दो दर्जन हाई रेजोनेंस कैमरा जिला जेल को मिलेगा इसके बाद इसे जिला जेल के अंदर और बाहर चिन्हांकित स्थान पर लगाया जाएगा और इसी हाई रेजोनेंस कैमरे के माध्यम से जेल के चारों तरफ निगरानी होगी। साथ ही जेल के भीतर बैरकों में भी हाई रेजोनेंस कैमरे से आने जाने वाले लोगों के साथ साथ कैदियों की भी निगरानी की जा सकती है।




### भेजा गया प्रस्ताव

जेल के अंदर और बाहर लगभग 20 से अधिक हाई रेजोनेंस कैमरे लगाने की दिशा पर पहल की जा रही है। इसके लिए मुख्यालय को पत्र लिखा गया है। आने वाले कुछ महीनों में यह मिलते ही जेल के विभिन्न स्थानों में यह कैमरा लगाया जाएगा। जिसके माध्यम से निगरानी की जा सकेगी।

**-अमितेश साहू,** जिला जेल कोरबा

### 50 कैमरे से पहले ही हो रही है निगरानी

जिला जेल के अंदर और बाहर के साथ-साथ जेल के भीतर बैरकों में लगभग 50 से अधिक उच्च कोटी के कैमरे लगाए गए हैं। जेल के भीतर स्थल से सभी सीसीटीवी कैमरे की निगरानी की जाती है लेकिन फिर महसूस की जा रही थी कि जेल के भीतर और बाहर कुछ अन्य स्थानों में कैमरे और लगने चाहिए आवश्यकता के आधार पर जेल में लगभग दो दर्जन और उच्च कोटी के कैमरे लगाए जाएंगे ताकि जेल की सुरक्षा व्यवस्था और पुख्ता हो सके।

## खबर संक्षेप

### हावड़ा-नागपुर चलेगी जनरल कोच स्पेशल आज

**बिलासपुर।** हावड़ा से नागपुर के बीच एक तरफ के लिए अन रिजर्व्ड स्पेशल ट्रेन की सुविधा यात्रियों के लिए दी जा रही है, जिसमें हावड़ा से आने वाले यात्रियों को आरामदायक सफर की सुविधा मिल सकेगी। रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार हावड़ा एवं नागपुर के बीच चलने वाली ट्रेनों में यात्रियों की काफी भीड़ रहती है, जिसके कारण यात्री स्लीपर कोच में भी बुकिंग कराने के बाद भी खड़े होकर सफर करते हैं। इसे देखते हुए रेल प्रशासन ने हावड़ा एवं नागपुर के बीच एक तरफ स्पेशल ट्रेन 01066 हावड़ा-नागपुर अन रिजर्व्ड स्पेशल ट्रेन का परिचालन 24 अक्टूबर शुक्रवार को कर रही है। इस ट्रेन में 2 एसएलआर, 16 सामान्य सहित 18 कोच की सुविधा यात्रियों के लिए होगी। समय सारिणी के अनुसार ट्रेन शुक्रवार को हावड़ा से 21.30 बजे रवाना होकर खड़गपुर जंक्शन, टाटानगर, चक्रधरपुर, राउरकेला, झारसुगुड़ा, रायगढ़ होते हुए बिलासपुर दूसरे दिन शनिवार 25 अक्टूबर की सुबह 10.40 बजे आने के उपरांत 10.45 बजे छूटकर रायपुर, दुर्ग, गोंदिया होकर नागपुर शाम 18.20 बजे पहुंचेगी।

### इलाज के दौरान कैदी की मौत, जांच में जुटी पुलिस

**बिलासपुर।** इलाज के दौरान सिम्स में एक कैदी की मौत हो गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मृत्यु के कारणों का खुलासा हो पाएगा। पुलिस जांच में जुट गई है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, सेंट्रल जेल में बंद कैदी अजय कुमार नागेसिया पिता रामलाल 25 साल सजा काट रहा था। कुछ दिनों पूर्व वह कोरबा जेल से इलाज के लिए सेंट्रल जेल तबादला में आया था। जेल प्रशासन के द्वारा उसे इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया था। गुरूवार को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई है। पुलिस ने शव मरच्यूरी में रखकर परिजन को सूचित कर दिया है। परिजन के आने पर पोस्टमार्टम की कार्रवाई होगी।

### मोमबत्ती जलाकर जुआ खेलते 6 जुआरी धरे गए

**बिलासपुर।** पुलिस ने मोमबत्ती की रोशनी में जुआ खेलते 6 जुआरियों को गिरफ्तार कर मुचलका जमानत पर छोड़ दिया है। बुधवार की रात सिविल लाइन पुलिस को सूचना मिली 27 खोली गुरूतेज बहादूर स्कूल के पास जुआरी एकत्रित होकर जुआ खेल रहे हैं। पुलिस ने मौके पर दबिश देकर मोमबत्ती की रोशनी में जुआ खेलते देवराज यादव, सौरभ सिंह, सतीश साहू, वेदप्रकाश कोसले, अभिषेक एक्का, बल्लू सूर्यवंशी को पकड़कर 1280 रुपए जब्त किया गया है। पुलिस ने जुआरियों को गिरफ्तार कर मुचलका जमानत पर छोड़ दिया है।

### सैनिक स्कूल में प्रवेश के लिए आवेदन 30 तक

**बिलासपुर।** सैनिक स्कूल अम्बिकापुर में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 6वीं एवं 9वीं में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 30 अक्टूबर शाम 5 बजे तक कर सकते हैं। प्रवेश परीक्षा राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा आयोजित की जाएगी। इच्छुक विद्यार्थी एनटीए की आधिकारिक वेबसाईट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट एनटीए डॉट एसी डॉट इन पर ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं।

### नामांकन पत्रों की जांच एवं सूची का प्रकाशन 27 को

बिलासपुर। श्री राम मछुवा सहकारी समिति मर्या. भीमपुरी एवं अविनाश प्राथमिक सहकारी उपभोक्ता भंडार मर्यादित लोको कॉलोनी का निर्वाचन कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। इसके अनुसार निर्वाचित किये जाने वाले सदस्यों की कुल संख्या 11 होगी। नामांकन पत्र 25 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। नामांकन पत्रों की जांच एवं सूची का प्रकाशन 27 अक्टूबर को होगी। नामांकन पत्रों की वापसी, चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों के अंतिम सूची का प्रकाशन एवं निर्वाचन चिन्हों का आबंटन 28 अक्टूबर दोपहर 12 बजे से दोपहर 2 बजे तक किया जाएगा। विशेष साधारण सम्मिलन में मतदान 4 नवम्बर को सुबह 10 बजे से 3 बजे तक एवं अध्यक्ष, उपाध्यक्ष अन्य सोसायटियों के प्रतिनिधियों का निर्वाचन 12 नवम्बर को दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक संस्था कार्यालयों में होगा।

**24 घंटे का सफर और ट्रेनों में नहीं है पेंट्रीकार**

**यात्रियों को चलती ट्रेन में पीने के लिए पानी भी नसीब नहीं**

# छठ पूजा में बिहार जाने वाले यात्री तरसते हैं पानी के लिए

**बिलासपुर।** जोन से रवाना होने और गुजरने वाली मुख्य ट्रेनों में सारनाथ, जम्मूतवी, गोंडवाना और चेन्नई एक्सप्रेस में यात्रियों का एक स्टेशन से दूसरे स्टेशन तक पहुंचने का सफर 24 घंटे से अधिक का रहता है। इसके बावजूद इन मुख्य ट्रेनों में रेल प्रशासन और आईआरसीटीसी की ओर से पेंट्रीकार की सुविधा नहीं दी जाती है, जिसके कारण छठ पर्व में बिहार, उत्तरप्रदेश और छपरा की ओर जाने वाले यात्रियों को चलती ट्रेन में पीने के लिए पानी भी नसीब नहीं हो पाता है।

रेलवे बोर्ड यात्रियों को आसपास के छोटे और बड़े स्टेशनों तक सफर करने के साथ लंबी दूरी तक आने-जाने के लिए भी यात्री ट्रेनों का परिचालन कर रही है। बोर्ड के अनुसार लंबी दूरी की ट्रेनें जिसमें एक स्टेशन से दूसरे स्टेशन तक जाने का समय 24 घंटे से अधिक का होता है, उन ट्रेनों में यात्रियों के खान-पान की सुविधा के लिए एक पेंट्रीकार के कोच भी लगाए जाते हैं। यात्रियों को स्टेशनों के साथ बीच सफर के दौरान पेंट्रीकार से भोजन, नाश्ता, चाय, काफी के साथ पीने का पानी भी मिल जाता है। एसईसीआर जोन बिलासपुर के साथ उसलापुर दो प्रमुख स्टेशन हैं। इसमें बिलासपुर रेलवे स्टेशन से प्रतिदिन हावड़ा से मुम्बई के बीच चलने वाली एक्सप्रेस, सुपरफास्ट, दूरंतो के अलावा दूसरे मेट्रो के लिए ट्रेनों का आवागमन होता है। वहीं उसलापुर रेलवे स्टेशन से गोंदिया, दुर्ग, रायपुर से बिलासपुर के बजाय ट्रेनें कटनी की ओर रवाना की जाती हैं। इन ट्रेनों के एक स्टेशन से दूसरे स्टेशन तक पहुंचने का समय 24 घंटे और उससे भी अधिक हो जाता है। हावड़ा से मुम्बई के बीच चलने वाली ट्रेनों के अलावा बिलासपुर से रवाना की जाने वाली बिलासपुर-अमृतसर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस, बिलासपुर-पुणे एक्सप्रेस, बिलासपुर-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस जैसी ट्रेनों में सफर करने वाले यात्रियों के लिए रेल प्रशासन ने पेंट्रीकार कोच की सुविधा तो प्रदान कर दी है। वहीं कुछ मुख्य ट्रेनें दुर्ग से छपरा की ओर आने-जाने वाली सारनाथ एक्सप्रेस, रायगढ़ से बिलासपुर, रायपुर होकर निजामुद्दीन जाने वाली गोंडवाना एक्सप्रेस, प्रति बुधवार को उसलापुर होकर चलने वाली दुर्ग-जम्मूतवी विस्तारित ऊधमपुर एक्सप्रेस, गोंदिया से बरौनी के बीच चलने वाली एक्सप्रेस और बिलासपुर-चेन्नई एक्सप्रेस, रायपुर-लखनऊ गरीबरथ हैं, जिसमें सफर करने वाले यात्रियों को एक स्टेशन से दूसरे स्टेशन तक सफर तय करने में 30 घंटे से अधिक का समय लग जाता है। इसमें भोजन और नाश्ता तो दूर यात्री पीने के पानी के लिए तरसते हैं।



**जनशताब्दी में सुविधा:** गोंडवाना, गरीब रथ, सारनाथ सहित करीब पांच से 6 ट्रेनें ऐसी हैं, जिसमें यात्रियों की सभी कोच में काफी भीड़ होती है। यह ट्रेन उत्तरप्रदेश, बिहार, नई दिल्ली तक आना-जाना करती हैं। इन ट्रेनों का एक स्टेशन से दूसरे स्टेशन तक पहुंचने का समय भी फिक्स है, जिसके बावजूद ट्रेनें किसी न किसी कारणवश लेट होती हैं। इसका खामियाजा यात्रियों को भूखे प्यासे रहकर भुगतना पड़ रहा है। मुख्य ट्रेनों के बजाय रेलवे ने प्रतिदिन रायगढ़ से बिलासपुर, रायपुर होकर गोंदिया तक आने-जाने वाली और दूसरी बिलासपुर से नागपुर के बीच 5.30 घंटे में सफर तय करने वाली वंदेभारत में पेंट्रीकार की सुविधा प्रदान की है।

### 365 दिन फुल रहती है सारनाथ

जोन से चलने वाली सारनाथ एक्सप्रेस का परिचालन दुर्ग से छपरा के बीच प्रतिदिन होता है, जो वर्तमान में बिलासपुर के बजाय उसलापुर से होकर चल रही है। यह एक ऐसी ट्रेन है, जिसमें साल के 365 दिन यात्रियों की भीड़ जनरल कोच के साथ स्लीपर और एसी कोच में रहती है। सबसे अधिक बर्थ की मारामारी छठ पर्व के दौरान दिखाई देती है, जिसमें बिहार की ओर जाने वाले यात्रियों को कंफर्म बर्थ तो दूर पीने का पानी भी नसीब नहीं हो पाता है।

### रेलवे तय करती है

आईआरसीटीसी के अनुसार किस ट्रेन में पेंट्रीकार लगाना है या किस ट्रेन में सबसे अधिक आवश्यकता है। इस आईआरसीटीसी के बजाय रेल प्रशासन तय करती हैं। गोंडवाना सहित अन्य ट्रेनें हमारी जोन की नहीं हैं, जिसके कारण संभवतः उसमें पेंट्रीकार लगाना या नहीं लगाना संबंधित जोन पर निर्भर है।

**अटल पथ के नाम से जानी जाएगी सड़क, निगम ने किया सड़क के लिए नया टेंडर**

# नगरोत्थान योजनाः अब बनेगी रिवर व्यू की अधूरी सड़क, जारी होगा वर्क आर्डर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अरपा उत्थान एवं तट संवर्धन के तहत स्मार्ट सिटी से रिवर व्यू स्थित बांई ओर की सड़क का निर्माण होना था, जिसका काम अधूरा पड़ा हुआ है। स्मार्ट सिटी तहत इस अधूरी सड़क का निर्माण अब नगरोत्थान योजना अंतर्गत पूरा किया जाएगा और इसके लिए नगर निगम ने 6.9 करोड़ राशि का नया टेंडर भी कर दिया है और वर्क आर्डर की प्रक्रिया चल रही है।

रिवर व्यू स्थित इस बांई ओर सड़क का नामकरण अटल पथ के नाम पर किया जाएगा और इस सड़क को अटल पथ के नाम से जाना जाएगा। स्मार्ट सिटी का यह अधूरा काम अब नगर निगम द्वारा नगरोत्थान योजना से पूरा किया जाएगा। अरपा उत्थान एवं तट संवर्धन योजना तहत स्मार्ट सिटी से रिवर व्यू स्थित बांई ओर सड़क का निर्माण होना था, किन्तु संबंधित ठेका कंपनी द्वारा काम ही नहीं किया जा रहा था और लंबे समय से काम बंद पड़ा था, इसलिए स्मार्ट सिटी द्वारा इस बांई ओर सड़क का ठेका ही निरस्त कर दिया गया है और उस सड़क को पूरा करने के लिए नगर निगम की ओर से नगरोत्थान योजना अंतर्गत नया टेंडर किया गया। इसमें 6.9 करोड़ राशि का जो टेंडर आया था वह रेट भी स्वीकृत हो गया है और वर्क आर्डर की प्रक्रिया चल रही है। वर्क आर्डर जारी होते ही इंदिरा सेतु से नया पुल तक चौड़ी सड़क का निर्माण कराया जाएगा।



स्मार्ट सिटी से रिवर व्यू स्थित बांई ओर की सड़क निर्माण का काम अधूरा।

### ठेका कंपनी पर की गई पेनाल्टी

स्मार्ट सिटी ने अरपा उत्थान एवं तट संवर्धन योजना के तहत नदी की बांई ओर इंदिरा सेतु से पुराना पुल तक निर्माणाधीन सड़क कार्य को लटकाए रखने वाले ठेका कंपनी मेसर्स गणपति इंफ्रास्ट्रक्चर का ठेका निरस्त करते हुए उसपर 3 करोड़ रुपए की पेनाल्टी भी की गई है। स्मार्ट सिटी तहत अरपा उत्थान एवं तट संवर्धन योजना अंतर्गत नदी की बांई ओर सड़क का काम ठेका कंपनी द्वारा लटकाकर रखा गया था। योजना के दूसरे चरण में 49 करोड़ 94 लाख रुपए की लागत से इस नदी की बांई ओर समतलीकरण, रिटेनिंग वॉल, नाला, सड़क समेत अन्य कार्य किए जाने थे। इसके लिए मेसर्स गणपति इंफ्रास्ट्रक्चर को कार्यादेश जारी किया गया था। समयावधि बीत जाने के बावजूद ठेका कंपनी द्वारा काम को पूरा नहीं किया।

### पहले दिया गया था एक्सटेंशन

इस कार्य के लिए स्मार्ट सिटी की ओर से पहले ठेका कंपनी को एक्सटेंशन दिया गया था। लेकिन उसके बाद भी ठेका कंपनी द्वारा कार्य पूर्ण करने रूचि नहीं दिखाई गई। इस कार्य की धीमी रफ्तार लेटलतीफी को देखते हुए स्मार्ट सिटी की ओर से 2 अप्रैल 2025 को गणपति इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी पर 37 लाख 50 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया गया था और नोटिस जारी किया गया था। अर्थदंड लगाए जाने और नोटिस के बाद भी कार्य में प्रगति नहीं लाने पर कार्य की नियम शर्तों के अनुरुप 6 प्रतिशत की दर से गणपति इंफ्रास्ट्रक्चर पर 2 करोड़ 99 लाख रुपए का अर्थदंड लगाया गया और ठेका निरस्त करते हुए उक्त कार्य के लिए नया टेंडर जारी किया गया है। ठेका निरस्तीकरण के बाद नया टेंडर करने पर नियमानुसार पूर्व ठेका कंपनी मेसर्स गणपति इंफ्रास्ट्रक्चर पर शेष राशि के कार्य का दस प्रतिशत 11 लाख 32 हजार अतिरिक्त अर्थदंड लगाया गया है। इस प्रकार कुल 3 करोड़ 10 लाख 32 हजार रुपए का अर्थदंड मेसर्स गणपति इंफ्रास्ट्रक्चर पर निरूपित किया गया।

### वर्क आर्डर जारी होना है

रिवर व्यू में बांई ओर इंदिरा सेतु से नया पुल तक नगरोत्थान योजना तहत सड़क का निर्माण होना है। इस सड़क के लिए स्मार्ट सिटी से जो पुराना टेंडर था वह निरस्त हो चुका है और अब नया टेंडर हो चुका है तथा वर्क आर्डर जारी होना है।

**-एसपी साहू,** कार्यपालन अभियंता, नगर निगम

**शिकायत के बाद भी नहीं पहुंचा बिजली अमला**

# मधुबन में बने आवास में दिन भर दौड़ता रहा करंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



दयालबंद क्षेत्र में बने मधुबन आवास के ब्लॉक जे में गुरूवार की सुबह आवास में करंट दौड़ने लगा। शार्ट सर्किट के कारण 25 से अधिक घरों में अंधेरा छा गया।

- **मधुबन आवास के जे ब्लॉक की घटना।**

खास बात यह है कि शिकायत के बाद भी अमला नहीं पहुंचा, अधिकारियों को शिकायत मिलने के बाद शाम 7 बजे बिजली सप्लाई नार्मल हो सकी।

मधुबन में बने पीएम आवास में 29 परिवार रह रहा है। गुरूवार को रोज की तरह लोग अपने घरों में आराम कर रहे थे, अचानक लोगों को लगा कि घर की दीवारों पर करंट दौड़ रहा है। इसके बाद अचानक लोगों के घरों की बिजली गुल हो गई। लोगों को लगा कि बिजली मेंटनेंस के चलते बंद की गई है, लेकिन कुछ घरों में सप्लाई थी। ऐसे में लोगों ने फ्यूज कॉल को इसकी जानकारी दी लेकिन दोपहर बाद भी कर्मचारी नहीं पहुंचे। शाम को रहवासियों ने पार्षद रामा बघेल से इसकी शिकायत की। आला अधिकारियों को भी जानकारी दी गई इसके बाद शाम 7 बजे के बाद सप्लाई नार्मल हो सकी। खास बात यह है कि 24 घंटे ड्यूटी में मुस्तैद रहने वाले बिजली कर्मचारियों को घंटों बाद भी मरम्मत का समय नहीं मिला, अधिकारियों की फटकार के बाद कर्मचारियों ने सुधार कार्य किया है।

### हो सकता था हादसा

आवास के एक घर में करंट दौड़ रहा था, समय रहते लोगों की सजगता के चलते बड़ा हादसा टल गया। लोगों का आरोप है कि यहां आएं दिन बिजली बंद होने की नौबत आती है, वहीं बिजली अधिकारी और कर्मचारी लोगों की शिकायत पर ध्यान नहीं द `ते हैं।

# जीजीयू के तालाब में युवक की लाश मिलने से सनसनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जीजीयू के तालाब में एक युवक की लाश मिलने से सनसनी फैल गई है। शव बाहर निकालकर मरच्यूरी में रखवा दिया गया है। मृतक की पहचान नहीं हो पाई है।

कोनी पुलिस के अनुसार, गुरूवार की शाम लोगों को जीजीयू के तालाब में एक युवक की लाश दिखी। जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया और लोगों की भीड़ लग गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। एसडीआरएफ टीम के सहयोग से युवक की लाश तालाब से बाहर निकाला गया। आसपास के लोगों को तलब कर पहचान कराने का प्रयास किया गया, किन्तु मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने



शव सिम्स के मरच्यूरी में रखवा दिया और पहचान के प्रयास में लगी हुई है। जीजीयू के अंदर तालाब में लाश मिलने से सुरक्षा व्यवस्था पर सवालिया निशान लग गया है। आखिरकार मृतक जीजीयू के अंदर कैसे घुस गया।

# युवक पर चाकू से हमला, आरोपी फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जुआ खेलने के लिए पैसा देने से मना करने पर नशेड़ी युवक ने एक युवक पर चाकू से जान लेवा हमला कर दिया। चाकूबाजी की वारदात से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस हमलावर को नहीं पकड़ पाई है।

तारबाहर पुलिस के अनुसार, तारबाहर निवासी मोहम्मद आदिल कुरैशी पिता मोहम्मद हनीफ कुरैशी 22 अक्टूबर को रात 10.30 बजे डीपूपारा किराना दुकान में सामान खरीदने गया था। इसी दौरान नशे की हालत में शहनवाज खान ने उसके पास आकर जुआ खेलने के लिए पैसा मांगा। उसने पैसा देने से मना किया तो शहनवाज खान गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए चाकू से हमला कर दिया। चाकूबाजी की वारदात से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। आनन फानन में घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पुलिस ने आदिल कुरैशी की रिपोर्ट पर हमलावर के खिलाफ सधारण बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर खानापूर्ति कर लिया है। पुलिस हमलावर को नहीं पकड़ पाई है।

### सरकण्डा में भी चला चाकू, जुर्म दर्ज



सरकण्डा पुलिस के अनुसार, भूकंप अटल आवास बहतराई निवासी मनीष बक्सेल ने रिपोर्ट लिखाई। 2 अक्टूबर की रात 11.30 बजे उसकी बहन अपने घर के पास बैठी थी। इसी दौरान उसका जीजा सुजल चिन्ना नशे में किसी लड़की को साथ लेकर आया। उसकी बहन ने लड़की को घर लाने से मना किया तो जीजा गाली गलौज करते हुए चाकू से जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट करने लगा। मनीष बक्सेल बीच बचाव करने गया तो उसने उस पर चाकू से हमला कर दिया। पुलिस ने हमलावर के खिलाफ सधारण मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है।



# एनआरसी खाली, सोमवार से होगी बच्चों की भर्ती

**बिलासपुर।** जिला अस्पताल में संचालित पोषण पुनर्वास केन्द्र इन दिनों खाली है। दीपावली की छुट्टी के चलते एक भी बच्चा भर्ती नहीं किया गया है। बताया जा रहा है कि सोमवार से बच्चों की भर्ती की जाएगी।

कुपोषित बच्चों को स्वस्थ जीवन देने के लिए जिले में चलाए जा रहे पोषण पुनर्वास केन्द्र में पिछले 6 दिनों से एक भी बच्चे की एंट्री नहीं हो सकी है। दीपावली पर्व के चलते सभी बच्चों को छुट्टी दे दी गई है। जिला प्रशासन व रेडक्रास के द्वारा लाखों रूपए खर्च कर इसके संवारा गया है, पहले की तुलना में काफी बेहतर परिवेश में बच्चे 15 दिनों तक पोषण आहार के सहारे इलाज करवाते है, लेकिन इन दिनों वीरान पड़ा है। खास बात यह है कि यहां बच्चों को विशेष पोषण आहार जैसे थेराप्यूटिक फूड, फार्मूला मिल्क, दलिया, खिचड़ी, हलवा, इडली खिलाया जाता है, उनके मनोरंजन के लिए प्लेइंग एरिया व टीवी भी लगाई गई है। यहां आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन, एएनएम और चिरायु टीम के द्वारा 25 बच्चों को भर्ती किया जा सकता है। सोमवार से बच्चों की चहलकदमी शुरू हो जाएगी।

# एयर फिल्टर सिस्टम के लिए मिले सवा 4 करोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सिम्स में मरीजों को साफ और जीवाणुमुक्त हवा उपलब्ध कराने प्रबंधन ने बड़ा फैसला किया है।

- **प्रबंधन ने भेजा सरकार के पास प्रस्ताव**


सिम्स में एयर फिल्टर सिस्टम लगाने का प्रस्ताव बनाया है, इसके लिए प्रबंधन और जिला प्रशासन की मेहनत के बाद एसईसीएल ने 4 करोड़ की राशि भी दी है। प्रबंधन अब शासन से इसे लगाने के लिए स्वीकृति की उम्मीद कर लगाए बैठा है, जिसके बाद सिम्स में 96 एयर फिल्टर सिस्टम लगाया जा सकेगा।

आई सी यू, एन आई सी यू, सर्जिकल वार्ड, गायनिक वार्ड जैसे वार्ड काफी संवेदनशील होते है, इन वार्डों में जीवाणु फैलने का अंदेशा बना रहता है। जानकारों के अनुसार (एयरो साव्ल)जीवाणु युक्त कण की मात्रा बढ़ने पर मरीज और परिजनों को भी इसके प्रभाव से परेशानी हो सकती है। जिसे लेकर प्रबंधन ने एयर स्टेलाइजर के तौर पर एयर फिल्टर सिस्टम लगाने का प्रस्ताव जिला प्रशासन को दिया था, जिला प्रशासन की ओर से सीएसआर मद द्वारा फंड की व्यवस्था कराई गई है। बताया जा रहा है कि एसईसीएल ने 4 करोड़ 36 लाख रूपए फंड दे दिया है, लेकिन इसके मेंटनेंस और मरम्मत के लिए भी फंड की आवश्यकता होगी, जिसके लिए शासन से स्वीकृति ली जानी आवश्यक है।

सिम्स प्रबंधन ने हाल ही में इसके लिए शासन स्तर पर पत्र प्रेषित की है। अधिकारियों को उम्मीद है कि शासन से इसकी स्वीकृति भी मिल जाएगी। इसके बाद ही सिम्स में 96 एयर फिल्टर सिस्टम लगाए जा सकेंगे।

### प्रदेश का पहला अस्पताल

जानकारों के अनुसार एयर फिल्टर सिस्टम लगाने का वाला सिम्स पहला अस्पताल होगा, प्रदेश में अबतक किसी भी सरकारी अस्पताल में यह सिस्टम नहीं लगाया गया है। डीन डॉ रमेणश मुर्ति और अधीक्षक डॉ लखन सिंह की परिकल्पनाओं के चलते यह संभव हो सका है।



### इसलिए है जरूरी

अधिकारियों के अनुसार रोग प्रतिरोधी क्षमता की कमी, गंभीर बीमारियों से पीड़ित व्यक्तियों को एयरो साव्ल से परेशान होना पड़ सकता है। खास बात यह है कि नवजात बच्चों को भी कभी-कभी इससे कारण गंभीर परेशानी झेलनी पड़ती है, ऐसे में प्रबंधन ने मरीजों के स्वास्थ्य को लेकर बड़ा फैसला किया है।

### पत्र भेजा गया है

जीवाणुयुक्त कण की मात्रा में बढ़ोत्तरी मरीजों में गंभीर परिणाम ला सकते हैं। बड़े शहरों में इस उपकरण का उपयोग किया जाता रहा है और इसके अच्छे परिणाम सामने आए हैं। हमने भी इसके लिए प्रस्ताव प्रशासन को दिया था, जिसके लिए फंड की स्वीकृति मिल गई है। सरकारी अस्पताल और मेडिकल कालेजों में उपकरण स्थापना से पहले शासन से स्वीकृति ली जानी आवश्यक है, इसलिए शासन को पत्र भेज दिया गया है।

**-डॉ रमणेश मूर्ति,** डीन, सिम्स

# धान खरीदी की तैयारी तेज, नए उपार्जन केन्द्र खुलने के प्रस्ताव पर असमंजस

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

धान खरीदी सीजन के नजदीक आते ही जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की तैयारी तेज हो गई है। इस बार भी जिले की 101 सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से किसानों से धान खरीदी की जाएगी। आगामी 15 नवंबर से खरीदी कार्य प्रारंभ होगा। वहीं, शासन को नए उपार्जन केंद्रों के गठन का प्रस्ताव भेजा गया है, जिस पर मंजूरी का इंतजार है।

जानकारी के अनुसार, नवागढ़ ब्लॉक के पौड़ी और मुड़पार सहित अकलतरा क्षेत्र में तीन नए उपार्जन केंद्र खोले जाने का प्रस्ताव भेजा गया है। सहमति मिलने के बाद इन केंद्रों को खरीदी प्रक्रिया में जोड़ा जाएगा।समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए किसानों का एग्रीस्टेक पंजीयन कार्य तेजी से चल रहा है। इसकी अंतिम तिथि 31 अक्टूबर निर्धारित की गई है। विभाग के निर्देशानुसार सभी सेवा सहकारी समितियों के प्रभारी प्रबंधक व स्टाफ खरीदी के पूर्व आवश्यक तैयारियों में जुटे हुए हैं।इन दिनों जिले के खेतों में स्वर्णा, स्वर्णा मसूरी, दुबराज, एचएमटी, महामाया, बिष्णुभोग सहित अन्य किस्मों की धान फसलें लहलहा रही हैं। कई स्थानों पर अर्ली वैरायटी की कटाई शुरू हो चुकी है। किसान अब अपनी मेहनत की कमाई को समर्थन मूल्य पर बेचने की प्रतीक्षा कर रहे हैं। पिछले साल जिले में 129 उपार्जन केंद्रों के माध्यम से धान खरीदा गया था, जबकि इस वर्ष केंद्रों की संख्या बढ़ने की उम्मीद जताई जा रही है। पिछले वर्ष 1 लाख 22 हजार से अधिक किसानों ने समर्थन मूल्य पर धान बेचा था। विभागीय अधिकारियों का मानना है कि इस बार पंजीकृत किसानों की संख्या में बढ़ोतरी हो सकती है। पिछले वर्षों की तुलना में इस बार खरीदी व्यवस्था को और बेहतर व पारदर्शी बनाने की दिशा में तैयारी की जा रही है। इसके अलावा शक्ति जिले के सक्ती, मालखरौदा, डभरा एवं जैजैपुर ब्लॉक को मिलाकर धान खरीदी को लेकर 125 उपार्जन केंद्र बनाए गए हैं। वही 95 सेवा सहकारी समितियां के माध्यम से धान खरीदी की तैयारी चल रही है शक्ति जिले के कई ग्राम पंचायत में धान खरीदी केंद्र बनाने को लेकर प्रस्ताव भेजा गया है लेकिन इस पर अभी सहमति का इंतजार है।

## खबर संक्षेप

### रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण के लिए आवेदन 30 तक

**कोरबा।** परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा अन्तर्गत शासकीय हाई/हायर सेकंडरी विद्यालय में अध्ययनरत बालिकाओं को 1 माह तक रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। उक्त प्रशिक्षण सेवाएं देने हेतु जिले के जुड़ो, कराटे, ताईक्वाडो, किक बॉक्सिंग, मार्शल आर्ट विधाओं में दक्ष प्रशिक्षकों से आवेदन मंगाया गया है। महिला प्रशिक्षकों को पहले प्राथमिकता दी जाएगी। इच्छुक प्रशिक्षक निर्धारित प्रारूप में उक्त विधा से संबंधित वांछित दस्तावेजों के साथ जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा कार्यालय में 30 अक्टूबर तक कार्यालयीन समय में आवेदन जमा कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी हेतु कार्यालय कलेक्टर एवं जिला मिशन संचालक समग्र शिक्षा से संपर्क किया जा सकता है।

### बेसबॉल प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

**कोरबा।** पुलिस ग्राउंड, बिलासपुर में राज्य स्तरीय बेसबॉल प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जिलों की टीमों ने भाग लिया और शानदार खेल भावना का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कटघोरा की टीम ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के दम पर सभी वर्गों में राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की प्रतिभाशाली छात्रा उर्मिला, वेदिका, नेहा, विद्या, निशा, संजना और अदिति ने शानदार खेल दिखाकर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया। टीम ने यह ऐतिहासिक उपलब्धि अपनी कोच सुश्री नेहा जायसवाल के कुशल मार्गदर्शन और नेतृत्व में हासिल की। उनके निर्देशन में खिलाड़ियों ने अनुशासन, एकता और खेल भावना का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तोखन साहू ने विजेता टीम को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह उपलब्धि छात्राओं की मेहनत और कोच के समर्पण का परिणाम है। उन्होंने कहा कि बालिकाओं का यह प्रदर्शन आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगा।

### रंगधारा मंच की संयोजिका व टीम का किया गया सम्मान

**कोरबा।** घंटाघर स्थित ओपन थिएटर पुरातत्व संग्रहालय परिसर में लालित्य कला प्रदर्शनी का आयोजन रंगधारा मंच द्वारा किया गया। इस अवसर पर शहर के प्रतिष्ठित कलाकारों और कला-प्रेमियों की उपस्थिति में रंग, रचनात्मकता और सृजन का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के राष्ट्रीय संयोजक एवं प्रख्यात समाजसेवी मनीष अग्रवाल उपस्थित हुए। उन्होंने कहा कि रंगधारा मंच का यह प्रयास अत्यंत सराहनीय है। इस मंच के माध्यम से क्षेत्र की उभरती प्रतिभाओं को अपनी कला प्रदर्शित करने का अवसर मिलता है, जिससे न केवल कलाकारों का उत्साह बढ़ता है बल्कि आमजन को भी उनके सृजन की झलक देखने का सौभाग्य प्राप्त होता है। उन्होंने रंगधारा मंच की संयोजिका एवं कुशल कलाकार श्रीमती मनीषा अग्रवाल और उनकी समर्पित टीम को शाल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस विशेष अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के प्रांतीय चेयरमैन अरुण केडिया, रंगधारा मंच के सह संयोजक कमल मजूमदार, सचिव एवं वरिष्ठ पुरातत्वविद् हरिसिंह क्षत्रिय, कोषाध्यक्ष विवेक अग्रवाल सहित अन्य गणमान्य अतिथि, पदाधिकारी एवं कला-प्रेमी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## निधन

### विजय केलकर



**कोरबा।** छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनी से सेवानिवृत्त विजय केलकर का 81 वर्ष की आयु में निधन हो गया। कुछ समय से उन्हें स्वास्थ गत समस्या थी,जहां उनका उपचार बिलासपुर अपोलो में जारी था इस बीच गुरुवार सुबह उन्होंने अंतिम सांस ली और श्री चरणों में लीन हो गए। स्व.विजय केलकर युवा व्यवसायी विशाल केलकर के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार सीएसईबी दर्री स्थित स्थानीय मुक्तिधाम में 24 अक्टूबर की सुबह 10 बजे किया जाएगा।

### तिरिथ कुंवर श्रीवास



**मड़वारानी।** ग्राम पंचायत जर्वे निवासी शत्रुहन लाल श्रीवास की धर्मपत्नी तिरिथ कुंवर श्रीवास उम्र 70 वर्ष का आकस्मिक निधन गुरुवार सुबह 6 बजे जर्वे में हो गया। जिनका अंतिम संस्कार जर्वे के मुक्तिधाम में किया गया। वे अपने पीछे पति, सहित भरा पूरा परिवार शोक संतृप्त छोड़ गए। अंतिम यात्रा में परिवार, समाज, रिश्तेदार सहित गांव से बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

## पृष्ठ 1 का शेष

### मामूली बात पर...

21 अक्टूबर को उसकी मौत हो गई। प्रीतराम के परिजनों ने इस मामले की शिकायत पुलिस से की थी। पुलिस ने इस मामले में सुखराज के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर उसे गिरफ्तार का न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है।

## 25 से शुरू होगा चार दिवसीय छठ पूजा

# सूर्य उपासना के पर्व छठ पूजा को लेकर घाटों पर तैयारियां जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



फाइल फोटो

सूर्य-उपासना का पावन महापर्व छठ 25 अक्टूबर से शुरुआत हो रहा है और शहर के विभिन्न घाटों तथा जलाशयों में पूजा-उपासना की तैयारियाँ जोरों पर हैं। इस चार-दिवसीय पर्व के तीसरे व चौथे दिन यानी देर शाम एवं प्रातः काल घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है। इस अवसर पर विशेष रूप से नदी-तालाब, नालों व नहरों के किनारे पूजा को लेकर प्रशासन व स्थानीय नागरिकों ने सतर्कता बढ़ा दी है।

नगर निगम, घाट क्षेत्र के पार्षदों एवं पूर्वांचल से आए श्रद्धालुओं ने मिलकर घाटों की साफ-सफाई, पानी की गंदगी हटाने, सीढ़ियों तथा किनारों का व्यवस्थित चिन्हांकन आदि कार्य शुरू कर दिए हैं। शहर के एक घाट, डेंगूरनाला घाट का निरीक्षण करते हुए महापौर संजू देवी ने कहा कि घाटों पर श्रद्धालुओं के लिए समुचित व्यवस्था और सुरक्षा अत्यावश्यक है। हालांकि प्रमुख घाटों में प्रबंधन को लेकर सतर्कता दिख रही है, लेकिन उपनगरीय एवं बाहरी क्षेत्रों में अब भी कुछ घाट ऐसे हैं, जहां पूजा-उपासना के लिहाज से पर्याप्त संरचना एवं सुरक्षा नहीं मिल पा रही है। त्यौहार की भीड़ बढ़ने से पहले ऐसे घाटों पर विशेष दृष्टि रखने की जरूरत है, ताकि किसी प्रकार की विघ्न अथवा दुर्घटना न हो सके। घाट किनारे जल-स्त्रोतों में जमा गंदा पानी हटाना एवं जल प्रवाह सुगम बनाना। किनारों की सीढ़ियों व प्लेटफॉर्म को चिन्हित कर सुरक्षित रूप से उपयोग योग्य बनाना। घाटों पर स्थान चिन्हित करना ताकि पूजा-उपासना के समय भीड़ व्यवस्थित रूप से व्यस्त हो सके तथा अतिक्रमण रोक हो सके। स्थानीय बस्तियों व मार्गों में प्रकाश व ट्रैफिक व्यवस्था सुनिश्चित करना। इस दौरान महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे सुरक्षित घाटों का चयन करें और भीड़ वाली स्थिति में अतिरिक्त सावधानी बरतें। पर्व की भव्यता व आस्था को ध्यान में रखते हुए, किन्हीं असुरक्षित घाटों पर पूजा करने से बेहतर है कि पर्यावरण-अनुकूल तथा प्रशासन द्वारा चिन्हित घाटों को ही इस्तेमाल किया जाए। पर्व के महत्त्व को ध्यान में रखते हुए, यह भी बताया गया है कि छठ पूजा के पहले दिन का श्राद्ध-स्नान (नहाय-खाय) और तीसरे-चौथे दिन का अर्घ्य समय विशेष होते हैं। इसी तरह, घाटों पर श्रद्धालुओं की संख्या, सामाजिक-सुरक्षा व्यवस्था व स्वच्छता को मिलाकर व्यवस्थापन लगातार समीक्षा में है। कोरबा जिला अपने औद्योगिक स्वरूप के बावजूद धार्मिक व सांस्कृतिक गतिविधियों में सक्रिय रहा है। कोरबा की सामाजिक व्यवस्था व जल-श्रोतों की सापेक्षता इस पर्व के आयोजन के लिए अनुकूल मानी जाती है। इस पावन आयोजन को देखते हुए, सभी पक्षों से यह अपेक्षा की जा रही है कि श्रद्धालु बिना बाधा के पूजा-उपासना कर सकें और घाटों पर सामाजिक व धार्मिक माहौल शांति एवं सुव्यवस्था के साथ बना रहे। हम उम्मीद करते हैं कि इस बार छठ पूजा की ऊर्जा उज्जवल हो और कोरबा के घाटों पर आस्था-समर्पण का उत्सव सुरक्षित एवं सुचारु रूप से सम्पन्न हो।

## अग्रवाल सभा का दीपावली मिलन व अन्नकूट प्रसाद का कार्यक्रम



कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि अन्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अग्रवाल सभा कोरबा के द्वारा श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय में गोवर्धन पूजा, दीपावली मिलन, अन्नकुट प्रसाद का भव्य रूप से अयोजन किया गया। अग्रवाल सभा के आयोजन में सर्वप्रथम गोवर्धन पूजा किया गया जिसमें भगवान श्रीकृष्ण की गोवर्धन के साथ पूजा अर्चना की गई। अग्रवाल सभा के द्वारा दीपावली मिलन का अयोजन में अग्रवाल सभा अध्यक्ष राजेन्द्र अग्रवाल ने अपने उदबोधन में दीपात्सव पर्व की सभी अग्रबन्धुओं को बधाई देते हुए कहा कि आज अग्रवाल सभा के द्वारा दीपावली मिलन का कार्यक्रम रखा गया है यह कार्यक्रम अग्रवाल सभा के द्वारा हर वर्ष अयोजित किया गया जाता है। इस अवसर पर श्री अग्रसेन गौ सेवा समिति के अध्यक्ष जयंत अग्रवाल ने कहा कि 29 अक्टूबर को गोधाम कनवेरी में गोपाष्टमी का भव्य रूप से अयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर भव्य गौमाता की पूजा अर्चना के साथ ही अनेको कार्यक्रम का अयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर अग्रवाल सभा के सचिव गोपाल अग्रवाल व माता माधवी देवी गौ सेवा समिति के अध्यक्ष शंकर लाल अग्रवाल ने संयुक्त रूप से सभी अग्रबंधुओ से अपील करते हुए कहा कि वे अधिक से अधिक संख्या में गोपाष्टमी के कार्यक्रम में शामिल हो कर गौमाता का आशीर्वाद ग्रहण करें। इस अवसर पर अग्रवाल सभा पूर्व अध्यक्ष सत्यनारायण बुधिया, रामसिंह अग्रवाल गोपाल मोदी, नागरमल अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल व नारायण भोपालपुरिया, प्रहलाद अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, नरेन्द्र अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल राधेश्याम अग्रवाल बद्री मोदी व बड़ी संख्या में अग्रबन्धुगण व महिलाऐं उपस्थित थी।

## अंधकार से प्रकाश, अज्ञानता से ज्ञान की ओर जाने का पर्व है दीपावली : चंद्रान



दीपोत्सव कार्यक्रम में शामिल अधिकारी एवं कर्मचारी।

**खास बात**

- एसईसीएल सिविल फिल्टर में श्रमिकों न मनाया दीपावली मिलन समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ गेवरा-दीपका

अन्याय, अत्याचार अधर्म व असुरी शक्ति के विरुद्ध लंबी लड़ाई के बाद सत्य वह धर्म विजयी हुआ था अधर्म के पराजय वह सत्य की विजय पश्चात राम राज्य की स्थापना का पर्व है दीपावली। यह अंधकार से प्रकाश अज्ञानता से ज्ञान, पाप से पुण्य की ओर जाने का संकल्प लेने का पर्व है।

उक्त उद्गार साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड गेवरा क्षेत्र सिविल के महाप्रबंधक रवि चन्द्रन का है वह पुराने फिल्टर प्लांट में आयोजित श्रमिकों के दीपावली मिलन समारोह को संबोधित कर रहे थे। समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में उन्होंने कहा कि फिल्टर चलाना और व्यवस्थित पानी सप्लाई देना अनुशासन वह चुनौती भरा कार्य है जिसके लिए आप लोग बधाई के पात्र हैं इसके पूर्व माँ लक्ष्मी भगवान गणेश वह माता सरस्वती की प्रतिमा में अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया गया। दीप प्रज्वलन पश्चात श्रमिकों द्वारा आतिशबाजी का आनंद उठाया गया। अतिथि के रूप में उपस्थित नगर प्रशासन सिविल विभाग के प्रभारी आर एल कोशिरैया, एसओई विजय अग्रवाल द्वारा भी श्रमिकों को शुभकामनाएं देते हुए संबोधित किया गया। इस दौरान दिनेश दुबे, सुखदेव प्रसाद किरण, शिव शंकर यादव, मधुर सिंह, उदय प्रताप सिंह, शत्रुघ्न चौहान, महेंद्र पाल सिंह, जीवराखन दास, संतोष श्याम, मुरारी, ईश्वर सिंह, लखेश्वर प्रसाद, शशांक मिश्रा, प्रमोद कुमार, अनंत राम, अजय कुमार, एस ततैया, भरत लाल यादव, रन सिंह, अमन सिंह, नोखेदास,रमन कुमार,जुग्गी लाल, अनिल कुमार आदि श्रमिकों का प्रमुख योगदान रहा।

### पूर्व मंत्री पहुंचे लक्ष्मीनारायण मंदिर

**कोरबा।** अन्नकूट पर्व एवं गोवर्धन पूजा पर्व के अवसर पर पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल दर्री रोड स्थित लक्ष्मीनारायण मंदिर पहुंचकर भगवान लक्ष्मीनारायण के दर्शन कर विधिवत पूजन किया। श्री अग्रवाल ने जिले की खुशियाली की प्रार्थना कर जिलेवासियों के जीवन में वैभव, ऐश्वर्य, उन्नति, प्रगति, आदर्श, स्वास्थ्य, प्रसिद्धि, समृद्धि तथा दीर्घायु होने की कामना की। श्री अग्रवाल ने कहा कि अन्नकूट एवं गोवर्धन पूजन करने से भगवान कृष्ण एवं भगवान विष्णु प्रसन्न होते हैं, साथ ही यह पर्व हमें गोवंश की रक्षा करने का प्रेरणा देता है।



## अग्रवाल सभा दर्री- जमनीपाली ने मनाया अन्नकूट व गोवर्धन पूजा



कार्यक्रम में शामिल पूर्व राजस्व मंत्री एवं अन्य अतिथि।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अग्रवाल सभा दर्री जमनीपाली द्वारा गोवर्धन पूजा एवं अन्नकूट पर्व श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया, जिसमें पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल भी शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत विधिवत पूजा अर्चना से हुई। अतिथियों को पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर खेल प्रतियोगिता भी आयोजित किये गये थे, जिसके विजेताओं को पूर्व मंत्री श्री अग्रवाल के हाथों पुरूस्कृत किया गया। श्री अग्रवाल ने गोवर्धन पूजा एवं अन्नकूट पर्व का शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हम सभी को गौमाता की सेवा और गौपालन करना चाहिए। हमारी सनातन संस्कृति हमें प्रकृति से जुड़ना सिखाती है। हमारे कृषि प्रधान देश में गोवर्धन पूजा जैसे प्रेरणाप्रद पर्व की अत्यंत आवश्यकता है। श्री अग्रवाल ने कहा कि गोवर्धन पूजा और अन्नकूट पर्व भगवान कृष्ण एवं भगवान विष्णु को प्रसन्न करने तथा गोवंश की रक्षा के लिए मनाया जाता है जिससे ऐश्वर्य और सुख की प्राप्ति होती है। कार्यक्रम के अंत में अग्र मंगल भवन परिसर में अन्नकूट प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर अग्रवाल सभा के पदाधिकारी एवं सदस्यगण भारी संख्या में उपस्थित थे।

## भाई बहन के स्नेह का प्रतीक पर्व भाईदूज मनाया गया



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दीपावली उत्सव के समापन के साथ ही भाई–बहन के अटूट प्रेम, स्नेह और रक्षा के संकल्प का पावन पर्व भाईदूज पूरे जिले में उल्लास व श्रद्धा के साथ मनाया गया। सुबह से ही घरों में पूजन-अर्चन की तैयारियां शुरू हो गईं। बहनों ने अपने भाइयों का तिलक कर दीर्घायु व सुख-समृद्धि की कामना की, वहीं भाइयों ने बहनों को उपहार देकर सदैव सुरक्षा और सहयोग का वचन दिया। धार्मिक मान्यता के अनुसार यमराज और यमुना से जुड़ी इस परंपरा में बहन द्वारा भाई को तिलक कर दीर्घायु का आशीर्वाद देने का विशेष महत्व है। परिवारों में बहनों का आशीर्वाद और भाइयों की रक्षा का संकल्प इस पर्व को और अधिक पवित्र बना देता हैं। इधर मुख्यालय समेत ग्रामीण अंचलों में भी पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ यह पर्व मनाया गया। मंदिरों में पूजा-अर्चना कर भाई–बहन के मधुर रिश्तों की मजबूती के लिए प्रार्थनाएं की गईं। भाईदूज ने रिश्तों की डोर को और मजबूत कर समाज में प्रेम, सम्मान और एकता का संदेश दिया।

### बालकोनगर में भी मना उत्सव

बेलगड़ी बस्ती बालकोनगर में भाई बहन का अटूट रिश्ता प्यार आरती सजाकर माथे पर तिलक लगाकर कलाई पर धागा बांधकर भगवान से अपने भाइयों के लिए लंबी उम्र की प्रार्थना की। साथ ही उपहार भी भेंट किया गया।

### हरदीबाजार में भी मनाया गया उत्सव



हरदीबाजार शांतिनगर में भाई-बहन का अटूट रिश्ता भाई दूज का पर्व बच्चों ने उत्साह उमंग उल्लास के साथ मनाया। इस दौरान बेबी ने अपने भाईयों ईशान, दद्दू व कान्हा का पूजा अर्चना कर तिलक लागाकर आशीर्वाद लिया। तत्पश्चात अपने हाथों से बनाई सेवाई पूड़ी खिलाकर भाई बहन का प्रेम की परंपरा निभाई, वहीं भाईयों ने अपने बहन को उपहार भेंट किया।

## जैन गौशाला सेवा समिति ने जिला जेल में की गोवर्धन पूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



श्री पार्श्वनाथ जैन गौशाला सेवा समिति के तत्वावधान में जिला जेल परिसर में हर्षोल्लास के साथ गोवर्धन पूजा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष महेंद्र चोपड़ा, कोषाध्यक्ष पारस जैन, रोटरी क्लब के अध्यक्ष नितिन चतुर्वेदी, तथा समिति के सदस्य प्रदीप कोचर अपनी सुपुत्री मुस्कान कोचर के साथ उपस्थित रहे। समिति के सदस्यों ने पारंपरिक रीति से गोवर्धन पूजा संपन्न की तथा गौ माताओं को खिचड़ी खिलाकर सेवा कार्य किया। इस अवसर पर जेल परिसर में श्रद्धा और भक्ति का वातावरण बना रहा। अध्यक्ष महेंद्र चोपड़ा ने बताया कि समिति द्वारा प्रत्येक वर्ष धार्मिक और सामाजिक कार्यों के साथ गौ सेवा के विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जिससे समाज में सेवा, करुणा और सहयोग की भावना को प्रोत्साहन मिले। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सदस्यों ने गौ माता की आरती कर सभी के कल्याण की कामना की तथा जिला जेल प्रशासन को सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## कलश यात्रा के साथ श्रीमद् देवी भागवत कथा का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पंडित रविशंकर शुक्ल नगर में 22 अक्टूबर को सुबह भव्य कलश यात्रा निकाली गई और इसके साथ श्रीमद् देवी भागवत का शुभारंभ हो गया। पंवार परिवार द्वारा 22 से 30 अक्टूबर तक संगीतमय श्रीमद् देवी भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा का आयोजन भूपेंद्र सिंह पंवार और श्रीमती विंध्यवासिनी पंवार द्वारा किया जा रहा है और आचार्य पंडित जनार्दन प्रसाद दुबे बरपाली वाले के श्रीमुख से 22 से 30 अक्टूबर तक कथा का वाचन किया जाएगा। जिसमें 22 अक्टूबर कलश यात्रा और कथा का शुभारंभ, 23 अक्टूबर हयग्रीव अवतार कथा और कौरव-पांडव उत्पत्ति कथा, 24 अक्टूबर भुवनेश्वरी देवी कथा और देवी मंत्र महात्म्य कथा, 25 अक्टूबर वृत्तासुर कथा और वृत्ततनिहन्ति देवी कथा, 26 अक्टूबर सरस्वती पूजन और हैहयवंशी राजाओं की कथा, 27 अक्टूबर भगवान श्री कृष्ण के चरित्र का वर्णन, 28 अक्टूबर श्री दुर्गा देवी कथा और देवी के अन्य अवतारों की कथा, 29 अक्टूबर सदाचार वर्णन और गायत्री मां की महिमा, 30 अक्टूबर गीता पाठ, तुलसी वर्षा, कपिला तर्पण, सहस्त्र धारा, कुमारी भोजन, ब्राह्मण भोजन और विसर्जन किया जाएगा।

**समक्ष : श्रीमान पब्लिक नोटरी महोदय कोरबा जिला कोरबा (छ.ग.)**

**शपथ-पत्र**

मैं श्रीमति जेफ मार्शलीन नाग (JEFF MARSHLEEN NAG) पति नितेश नाग उम्र 38 वर्ष, निवासी-म०क०-1056/ए/से० 5 बालकोनगर कोरबा तह० व जिला कोरबा का होकर निम्न कथन शपथपूर्वक करती हूँ-

1) यह कि मेरा आधार क्रमांक 8038 5202 2924 है। जिसमें मेरा नाम श्रीमति जेफ मार्शलीन नाग (JEFF MARSHLEEN NAG) पति नितेश नाग दर्ज है।

2) यह कि विवाह के पूर्व मेरा नाम जेफ मार्शलीन सिंह (JEFF MARSHLEEN SINGH) पिता श्री ज्वलंत प्रकाश सिंह रहा है।

3) यह कि विवाह पूर्व मेरे दस्तावेज एवं मेरे बैंक खाता क० एस बी आई- 31632286377 एवं पेन कार्ड क० CZBPS4627P में मेरा नाम जेफ मार्शलीन सिंह (JEFF MARSHLEEN SINGH) पिता श्री ज्वलंत प्रकाश सिंह दर्ज है।

4) यह कि मेरे बजाज एलायंश कंपनी में पालिसी कमांक 0187800498 में मेरा नाम जेफ मार्शलीन (JEFF MARSHLEEN) पिता श्री ज्वलंत प्रकाश सिंह दर्ज है।

5) यह कि जेफ मार्शलीन सिंह (JEFF MARSHLEEN SINGH) एवं श्रीमति जेफ मार्शलीन नाग (JEFF MARSHLEEN NAG) तथा जेफ मार्शलीन (JEFF MARSHLEEN) यह तीनो नाम मेरा अर्थात एक ही महिला का नाम है। जिससे मेरे दस्तावेज/ रिकार्ड में मेरा विवाह पश्चात सही नाम श्रीमति जेफ मार्शलीन नाग (JEFF MARSHLEEN NAG) दर्ज किये जाने की आवश्यकता है।

6) यह कि उक्त शपथ पत्र संबंधित कार्यालय में मेरे दस्तावेज/ रिकार्ड में मेरा विवाह पश्चात सही नाम श्रीमति जेफ मार्शलीन नाग (JEFF MARSHLEEN NAG) दर्ज किये जाने संशोधन के सम्बन्ध में प्रस्तुत करने हेतु निष्पादित किया गया है।

शपथकर्ता
श्रीमति जेफ मार्शलीन नाग

**न्यायालय सक्षम प्राधिकारी / अनुविभागीय अधिकारी (रा0) पोंड़ी उपरोड़ा, जिला- कोरबा (छ0ग0)**

**//ईश्तहार//**

**रा.प्र.क 202411050300008/ अ-2/2024-2025**
**ग्राम सिंघिया प.ह.नं 41**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक संजय अग्रवाल पिता सागरमल अग्रवाल निवासी कटघोरा तहसील कटघोरा जिला-कोरबा (छ.ग.) द्वारा ग्राम सिंघिया प.ह.न. 41 स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.न. 98/16, 98/17, 98/18 रकबा 0.056, 0.056, 0.056 हे. भूमि का औद्योगिक प्रयोजनार्थ व्यपवर्तन किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो वह दिनांक 03/11/2025 को न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति जो कुछ भी हो पेश कर सकते है। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 16/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर लगाकर जारी किया गया।

स्थानः- पोंड़ी उपरोड़ा,
दिनांक : 16/10/2025

**अनुविभागीय अधिकारी (रा0) पोंड़ी उपरोड़ा**

## खबर संक्षेप



### सतनाम समाज के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए पूर्व मंत्री

**कोरबा।** सतनाम समाज के नवनिर्वाचित पदाधिकारियां के शपथ ग्रहण समारोह में बतौर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में समाज के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जय सतनाम समाज के नवनिर्वाचित नेतृत्व में नई उर्जा की झलक देखने को मिल रहा है । बाबा गुरू घासीदास के सत्य और अहिंसा के सिद्धांतो को जन-जन तक पहुंचाना ही इस नवीन नेतृत्व का उद्देश्य होना चाहिए साथ ही कोरबा का सतनाम समाज सामाजिक एकता का मिशाल बने। श्री अग्रवाल ने सबसे पहले बाबा गुरू घासीदास एवं डॉ.अंबेडकर के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया और नव निर्वाचित टीम को शुभकामनाएं देते हुए सफल नेतृत्व के लिए मंगलकामना की।

### 10 वर्ष पुराने निष्क्रिय बैंक खातेदारों के लिए मेगा कैंप आयोजन कल

**कोरबा।** वित्तीय सेवा विभाग (वित्त मंत्रालय) भारत सरकार द्वारा सभी बैंकों, बीमा कंपनी, एसबीआई लाइफ, म्यूच्यूअल फण्ड को 10 वर्ष पुराने या निष्क्रिय खातों, बीमा के दावे, एसबीआई लाइफ के दावे, म्यूच्यूअल फण्ड के दावे पर दावेदारों, उत्तराधिकारी या उनके नामित व्यक्ति को पहचान कर खाते की राशि उनके दावेदारों को भुगतान किये जाने का निर्देश दिया गया है। इस संबंध में 24 अक्टूबर को घंटाघर से बुधवारी के बीच सियान सदन भवन में मेगा कैंप का आयोजन किया गया है। इस शिविर में जनसामान्य लोगों, वित्तीय संस्थान के एवं शासकीय खातों के लिए 10 वर्ष से अधिक समय से निष्क्रिय खाते, बीमा दावा, एसबीआई लाइफ बीमा के दावे, म्यूज्यूअल फण्ड दावे स्वीकार किये जायेंगे। संबंधित व्यक्ति एवं शासकीय संस्थाओं से उक्त मेंगा कैप का लाभ उठाने की अपील की गई है।

### रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**कोरबा।** ग्राम उतरदा के शासकीय माध्यमिक शाला बालक/कन्या विद्यालय में मेगा पीटीएम में पालकों की उपस्थिति एवं छात्र छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। शुक्रवार को द्वितीय मेगा पालक शिक्षक सम्मलेन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप में कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि मुकेश जायसवाल उपस्थित रहे। मेगा सम्मेलन में उपस्थित पालकों को विद्यालय द्वारा उनके बच्चों की उत्तर पुस्तिकाएं दिखाई गयी। पालकों को अपने बच्चों का शैक्षिक स्तर की जानकारी हुईं। विधायक श्री पटेल द्वारा पालकों को बच्चों के अध्ययन मे सहयोग करने एवं शिक्षा के क्षेत्र मे शासन की योजनाओं का लाभ लेने की बात कही गयी। प्रधानपाठक श्री नेटी के द्वारा शाला का प्रतिवेदन रखा गया एवं मांग स्वरूप बालक कन्या हेतु पृथक शौचालय, सर्वसुविधायुक्त नवीन कन्या मा शा भवन, सायकल स्टैंड एवं ऑडिटोरियम भवन की मांग रखी गयी। जिसे उपस्थित मुख्यअतिथियों द्वारा पूरा करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी एसएन साहू, श्री सिंगौर, प्राचार्य जीपी लहरे, प्रधान पाठक प्राथमिक शाला श्री कँवर, सुन्दर मरावी, संतोष मरावी, समोस सागर, मन्नू आदि उपस्थित थे।

## कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर न्याय की लगाई गुहार

# एससीसी कंपनी के चालकों व ऑपरेटरों ने कंपनी पर लगाया शोषण का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल मानिकपुर खदान में कार्यरत एससीसी (सर्वमंगला कंस्ट्रक्शन कंपनी) नामक निजी कंपनी में कार्य पर नियोजित वाहन चालकों व ऑरेटरों ने एससीसी पर

**खास बात**

- एसईसीएल मानिकपुर खदान में कार्यरत एससीसी कंपनी का मामला

शोषण का आरोप लगाया है। वाहन चालकों व ऑपरेटरों ने आरोप लगाया है कि कंपनी द्वारा पिछले 3 साल से उनसे 8 घंटे के बजाए 12 घंटे का काम लिया जा रहा है। वहीं शासन द्वारा निर्धारित एचपीसी दर पर भुगतान नहीं किया जा रहा है। ठेका श्रमिकों ने कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक से मामले की शिकायत कर कार्यवाही की मांग की है।



चालकों एवं ऑपरेटरों से चर्चा करते हुए।

मानिकपुर खदान के एससीसी नामक निजी कंपनी में कार्यरत वाहन चालकों व ऑरेटरों ने महाप्रबंधक, एसईसीएल मानिकपुर को लिखे पत्र में उल्लेख किया है कि उनकी हाजिरी एमटीके ऑफिस में दर्ज नहीं की जाती और एक दिन की छुट्टी लेने पर दो दिन की मजदूरी काट ली जाती है। इतना ही नहीं उन्हें हर महीने 16 हजार रुपये फिक्स रेट पर नकद भुगतान किया जा रहा है, जबकि नियम के अनुसार बैंक खाते में भुगतान और सीएमपीएफ ईपीएफ जमा होना चाहिए। ठेका श्रमिकों का कहना है कि कंपनी प्रबंधन की शिकायत करने पर ठेका कंपनी के मालिक सोनू अग्रवाल उन्हें काम से निकालने की धमकी देते हैं। लंबे समय से प्रताड़ना झेल रहे ठेका श्रमिक अब आंदोलन को मजबूर हो गए हैं। ठेका श्रमिकों ने चेतावनी दी है कि अगर उनकी जायज मांगें पूरी नहीं होती है तो सभी ठेका श्रमिक कामबंद हड़ताल पर चले जाएंगे। ठेका श्रमिकों ने कहा है कि हड़ताल के दौरान यदि किसी भी तरह की अप्रिय घटना होती है, तो उसकी जिम्मेदारी सर्वमंगला कंस्ट्रक्शन कंपनी और एसईसीएल कोरबा प्रबंधन की होगी।

# तेज रफ्तार मछली लोड वाहन पलटा, राहगीर उठा ले गए मछली



सड़क पर बिखरी मछली।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मछली लेकर जा रही एक तेज रफ्तार गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे के होते ही जैसे ही स्थानीय लोगों को इस घटना की सूचना मिली वे मौके पर जा पहुंचे और घायलों को अस्पताल पहुंचाने की बजाए सड़क पर पड़े मछलियों को उठा उठाकर अपने-अपने घर लेकर जाने लगे। हालांकि इस घटना में वाहन चालक को कोई खास चोट नहीं आई लेकिन इस घटना के बाद गाड़ी में रखे हजारों रुपए कीमती मछलियों को लेकर ग्रामीण घर जरूर भाग गए। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दे दी गई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। हादसा कैसे हुआ है यह स्पष्ट नहीं हो पाया है पुलिस का कहना है की जांच के बाद मामला पूरी तरह से स्पष्ट होगा।

सर्वमंगला कनेवरी मार्ग अंतर्गत जोड़ा पुल से थोड़ी दूर पहले तेज रफ्तार मछली लोड चार पहिया वाहन पलट गई। जिसमें चालक और वाहन में बैठे लोगों को मामूली चोट आई है। बताया जा रहा है कि वाहन के पलटते ही वाहन में लोड मछलियां सड़क पर बिखर गई, इसके बाद इस राह से गुजर रहे मछली प्रेमी सड़क पर बिखरे मछलियों को उठाते चले गए। वाहन चालक सिर पकड़ कर एक किनारे बैठे ये सब देखता रहा। सर्वमंगला कनवेरी मार्ग बनने के बाद से आए दिन इस तरह के हादसे हो रहे हैं, जिसकी मुख्य वजह वाहनों की तेज रफ्तार है।

# दस वर्षों बाद भी पूरा नहीं पंचायत भवन का काम



जर्जर पंचायत भवन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ चैतमा

पाली विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत इरफ में 10 साल पूर्व डीएमएफ मद से 16 लाख रुपए में पंचायत भवन की स्वीकृति मिली थी जिसकी निर्माण एजेंसी ग्राम पंचायत थी उसमें से 12 लाख रुपए का आहरण किया जा चुका है किंतु आज तक उक्त पंचायत भवन अधूरा पड़ा है। जिससे पंचायत प्रतिनिधियों को पुराने जर्जर भवन में बैठने को मजबूर होना पड़ रहा है। ज्ञात हो कि क्षेत्र के कई ग्राम पंचायत में निर्माण कार्य की स्वीकृति होती है। निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण है कि नहीं यह देखने की जिम्मेदारी जिस विभाग के अधिकारी की होती है वह मौके पर जाकर निर्माण कार्य की गुणवत्ता कार्य पूरा हुआ कि नहीं यह देखने की जरूरत नहीं समझी जाती जिसके कारण आज भी कई पंचायत में निर्माण कार्य आधा अधूरा पड़ा है। ग्रामीणों ने शासन प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए आधा अधूरे पड़े निर्माण कार्य एवं गुणवत्ता पूर्ण कार्य करने की मांग की है क्षेत्र की ग्राम पंचायत में यह देखा जा रहा है कि ग्राम पंचायत के सरपंचों द्वारा कार्य को ठेके में दे दिया जाता है। ठेकेदार कार्य आधा अधूरा छोड़कर चुप बैठ जाता है जिससे विकास कार्य का लाभ ग्रामीण एवं ग्रामीणों द्वारा चुने गए जनप्रतिनिधियों को नहीं मिल पाता है।

# सीईओ जिला पंचायत ने ली पीएम सूर्यघर योजना की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर अजीत वसंत के मार्गदर्शन में कलेक्ट्रेट सभागार में सीईओ जिला पंचायत दिनेश कुमार नाग ने प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना की

**खास बात**

- बैंकों में लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के दिए निर्देश

समीक्षा बैठक ली। बैठक में विभिन्न बैंक शाखा प्रबंधक, वेंडर्स एवं सीएसईबी के अधिकारी उपस्थित रहे। सीईओ श्री नाग ने बैठक के दौरान बैंकों में लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए सभी शाखा प्रबंधकों को शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए।



बैठक को संबोधित करते हुए।

सीईओ जिला पंचायत दिनेश कुमार नाग ने कहा कि योजना का उद्देश्य हर घर को सौर ऊर्जा से जोड़ना है, इसलिए समयबद्ध तरीके से पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाना आवश्यक है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों व बैंकों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर जोर दिया ताकि योजना का क्रियान्वयन तेज़ी और पारदर्शिता के साथ हो सके। बैठक में योजना के प्रचार-प्रसार पर भी विशेष चर्चा हुई। सीईओ ने निर्देश दिए कि ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों एवं महिला स्व-सहायता समूहों के माध्यम से ज न जा ग रू क ता अभियान चलाकर अधिक से अधिक लोगों को इस योजना से जोड़ा जाए। बैठक में सीईओ श्री नाग ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना ग्रामीणों के जीवन में ऊर्जा आत्मनिर्भरता लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसके सफल क्रियान्वयन के लिए सभी विभागों का सामूहिक प्रयास आवश्यक है।

# निगम के अपर डिवीजन क्लर्क का आकस्मिक निधन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



कपिल श्रीवास्तव।

नगर निगम में अपर डिवीजन क्लर्क के पद पर कार्यरत कपिल कुमार श्रीवास्तव 54 वर्ष बुधवार-गुरुवार की मध्यरात्रि आकस्मिक निधन हो गया। एमआईजी 1/64, महाराणा प्रताप नगर, कोरबा स्थित निवास पर अचानक तबियत बिगड़ने पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। देर रात्रि 1.30 बजे उन्होंने अंतिम सांसें ली। वे कमला नेहरू महाविद्यालय कोरबा में वरिष्ठ लिपिक अमृत श्रीवास्तव के छोटे भाई व प्रतीक श्रीवास्तव और लक्ष्य श्रीवास्तव के पिता हैं। वे अपने पीछे पत्नी-सुपुत्रों सहित भरा पूरा परिवार शोकाकुल छोड़ गए। इस खबर से निगमकर्मियों में शोक की लहर है। नगर निगम के साथी कर्मचारियों एवं महाविद्यालय परिवार ने शोक व्यक्त करते हुए ईश्वर से उनके परिवार को यह असीम दुःख सहने की शक्ति देने प्रार्थना की है।

# रजत जयंती वर्ष पर जिला स्तरीय किसान मेले का आयोजन



किसान मेला में उपस्थित अतिथि एवं अन्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना की रजत जयंती वर्ष के अवसर पर जिले में कृषि क्षेत्र में वैज्ञानिक सोच को प्रोत्साहित करने और आधुनिक तकनीकों के प्रसार के लिए राजीव गांधी ऑडिटोरियम में जिला स्तरीय किसान मेला का आयोजन किया गया। मेला एक्सटेंशन रिफॉर्म्स आत्मा योजना के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसका प्रमुख उद्देश्य किसानों को विभागीय योजनाओं की जानकारी देना रहा।

मेले में पांचों विकासखण्डों से 503 कृषकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों की ओर से प्रदर्शनी स्टॉल लगाए गए, जिनमें कृषि उपकरण, उच्च गुणवत्ता वाले बीज, पौध सामग्री, जैविक खाद एवं जैविक उत्पादों की जानकारी दी गई। किसानों ने इन स्टॉलों से नवीन तकनीकों के व्यावहारिक प्रयोगों को समझा और उन्हें अपने खेतों में अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को फसल विविधीकरण, जैविक खाद निर्माण, कीट एवं व्याधि प्रबंधन, समन्वित पोषण प्रणाली, सिंचाई प्रबंधन और जल संरक्षण तकनीकों पर विस्तृत व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि बदलते जलवायु परिस्थितियों में टिकाऊ खेती और मृदा स्वास्थ्य बनाए रखना भविष्य की जरूरत है, जिसके लिए वैज्ञानिक पद्धतियों का उपयोग अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और छत्तीसगढ़ सरकार किसानों की आय बढ़ाने तथा कृषि को आत्मनिर्भर बनाने के लिए अनेक योजनाएं चला रही है। उन्होंने कहा कि आज खेती केवल परंपरा नहीं, बल्कि विज्ञान का विषय बन चुकी है, इसलिए प्रत्येक किसान को नई तकनीकें अपनानी चाहिए। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे विभागीय योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएँ, जिससे उनकी आमदनी बढ़े और कृषि व्यवसाय को मजबूती मिले। कार्यक्रम में महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह, उपाध्यक्ष श्रीमती निकिता मुकेश जायसवाल, जिला पंचायत सीईओ दिनेश नाग, नरेंद्र देवांगन, अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।







